प्रेस विज्ञप्ति

“मेक इन इंडिया” की ओर इफको ने बढ़ाए कदम

एग्रोकेमिकल्स के उत्पादन हेतु मित्सुबिशी कॉरपोरेशन,जापान के साथ बनाया संयुक्त उद्यम

नई दिल्ली, 26 अगस्त 2015ः उर्वरकों का उत्पादन और विपणन करने वाली देश की सबसे बड़ी सहकारी संस्था इंडियन फारमर्स फर्टिलाइजर कोआपरेटिव लिमिटेड (इफको) ने माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए **“मेक इन इंडिया”** अभियान को आगे बढ़ाते हुए एग्रोकेमिकल्स क्षेत्र की अंतरराष्ट्रीय कंपनी मित्सुबिशी कॉरपोरेशन, जापान के साथ मिलकर **"इफको-एम सी क्रॉप साइंस प्राइवेट लिमिटेड"** नाम से एक संयुक्त उद्यम कंपनी बनाने का करार किया है । इसमें 51% हिस्सेदारी इफको की और शेष मित्सुबिशी कॉरपोरेशन, जापान की होगी। यह कंपनी भारत में उच्च गुणवत्ता वाले एग्रोकेमिकल्स का उत्पादन करेगी।

आज इफको के नई दिल्ली स्थित मुख्यालय में इस कंपनी की विधिवत शुरूआत हुई । इफको के अध्यक्ष श्री बलविंदर सिंह नकई और मित्सुबिशी कॉरपोरेशन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री मसाकाजु सकाकीडा ने नवगठित कंपनी के लोगो का आपस में आदान-प्रदान किया।

इफको के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. यू एस अवस्थी ने इस नई प्रगति पर खुशी ज़ाहिर करते हुए कहा कि इस संयुक्त उद्यम के जरिए इफको एग्रोकेमिकल व्यापार के क्षेत्र में कदम रखकर देश के कृषक समुदाय के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पूरा करना चाहती है। उन्होंने कहा कि इससे पूरे कृषि क्षेत्र और खासकर किसानों की सेवा का दायरा बढ़ेगा।

इफको के अध्यक्ष श्री बलविंदर सिंह नकई ने इस संयुक्त उद्यम के गठन पर कहा कि किसानों की सहकारी संस्था होने के नाते देश भर के किसान हमसे निरंतर यह मांग करते रहे हैं कि इफको जिस तरह अपनी सदस्य सहकारी समितियों के जरिये उन्हें उच्च कोटि के उर्वरक मुहैया करवाती है, उसी तरह वह उत्तम गुणवत्ता वाले कीटनाशक, फफूंदनाशक और खरपतवारनाशक भी उपलब्ध कराए।

देश के उर्वरक बाजार में जहां इफको की मजबूत पकड़ है वहीं मित्सुबिशी कॉरपोरेशन, जापान को एग्रोकेमिकल के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कारोबार करने में महारथ हासिल है। ऐसे में इन दो दिग्गजों द्वारा हाथ मिलाने से भारत के दूरदराज में रह रहे किसानों को भी उचित दर पर पर उच्च कोटि के एग्रोकेमिकल्स उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी।

हर्षेंद्र सिंह वर्धन, प्रबंधक (जन संपर्क एवं प्रचार) द्वारा जारी
मोबाइलः + 9198913 68,935